254. सम्राट अकबर ने किस संत को फतेहपुर सीकरी में आमंत्रित किया था?

(a) हरिदास जी (b) दादू दयाल जी
(c) रज्जब जी (d) नामदेव जी

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : 'राजस्थान के कबीर' कहे जाने वाले मुगल सेनापति मानसिंह के गुरू संत दादू दयाल को मुगल सम्राट अकबर ने मानसिंह के प्रयास से फतेहपुर सीकरी बुलवाया। दादू दयाल एक बार आने से मना कर दिया था परन्तु विशेष अग्रह करने पर अकबर के दरबार में गये थे। संत दादू दयाल के प्रवचन सुनकर ही अकबर ने 1582 ई0 में गोहत्या पर प्रतिबंध लगाया था।

255. जयपुर में मीनाकारी की कला महाराजा मानसिंह I द्वारा ––––से लाई गई।

(a) चीन (b) लाहौर
(c) बलूचिस्तान (d) बंगाल

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (b) : जयपुर में मीनाकारी की कला महाराजा मानसिंह I द्वारा लाहौर से लायी गयी। ये कला ईरान में फली फूली थी और इसे मुगल भारत लेकर आये थे। शासक राजा मान सिंह प्रथम लाहौर से कुशल मीनाकारों को अपने साथ लाये और उन्हे अपने दरबार में जगह दी।

256. जयपुर रियासत के पचरंगा ध्वज को किस शासक द्वारा बनवाया गया?

(a) मान सिंह (b) जगत सिंह
(c) राम सिंह (d) प्रताप सिंह

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (a) : जयपुर रियासत के 'पचरंगा ध्वज' महाराजा मानसिंह द्वारा बनवाया गया था। महाराजा मानसिंह 1585-88 ई. में मुगल सेना के साथ अफगानिस्तान का अभियान किया, जहाँ पर उन्होंने पांच क्रूर योद्धा जनजातियों को पराजित किया था। इस विजय के परिणामस्वरूप राजा मान सिंह आमेर के झंडे को बदल दिया और उन जनजातियों के पांच रंगों को शामिल किया। तब से पांच रंगों वाला ध्वज इस राजवंश का नया प्रतीक चिन्ह बन गया था।

257. अकबर द्वारा मानसिंह को निम्नलिखित में कौन से मुगल प्रान्तों का सुबेदार (राज्यपाल) नियुक्त किया गया था?

(1) काबुल (2) बिहार
(3) बंगाल (4) गुजरात
(a) (1), (2), (3) (b) (1), (3), (4)
(c) (2), (3) (d) (1), (3)

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (a) – मानसिंह कछवाहा राजपूत राजा थे। वे मुगल शासक अकबर के सबसे शक्तिशाली सेनापति थे। ये अकबर के नवरत्नों में से एक थे। अकबर ने इन्हें 7000 का मनसब दिया था तथा काबुल, बिहार एवं बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया था। मानसिंह ने राणा प्रताप के विरूद्ध हल्दीघाटी के युद्ध का नेतृत्व किया था। जहाँगीर मुगल बादशाह बनने के उपरान्त राजा मानसिंह की मनसब में कटौती कर दी थी।

258. जहांगीर ने बादशाह बनने के बाद किस राजपूत शासक के मनसब में कमी की थी?

(a) राजा भवगंत दास (b) राजा मान सिंह
(c) राजा जसवंत सिंह (d) राजा भारमल

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

259. आमेर के जयसिंह– को ''मिर्ज़ा राजा'' की उपाधि किसने दी थी?

(a) जहाँगीर (b) अकबर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगज़ेब

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (c) : आमेर शासक राजा जयसिंह –I ने लगभग 46 वर्षों (1621-1667) ई. तक शासन किया तथा वे 3 मुगल बादशाहों– जहाँगीर, शाहजहाँ व औरंगजेब का शासन काल देखा था। राजा जयसिंह को शाहजहाँ ने ''मिर्जा राजा'' की उपाधि प्रदान की थी। मिर्जा राजा जयसिंह सर्वाधिक समय तक मुगल दरबार में सेनापति के रूप में सेवाएँ दी है। शाहशुजा के विरुद्ध मुगल सेना का नेतृत्व मिर्जा राजाजय सिंह ने की थी। मिर्जा राजाजय सिंह ने ही औरंगजेब की तरफ से 1665 ई. में शिवाजी के विरुद्ध पुरन्दर की संधि की थी।

260. शाहजहाँ द्वारा शाहशुजा के विरूद्ध भेजी गई मुगल सेना का निम्नलिखित में से किस शासक ने नेतृत्व किया था?

(a) राजा मानसिंह (b) सवाई जयसिंह
(c) मिर्जा राजा जयसिंह (d) जसवन्त सिंह

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022
RPSC Van Rakshak 11.12.2020
महिला सुपर वाइजर भर्ती परीक्षा-2018
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

261. मुगल बादशाह शाहजहाँ और औरंगजेब के शासनकाल में निरंतर मुगल दरबार में कार्य करने वाले जयपुर के शासक का नाम बताइये।

(a) राजा मानसिंह (b) मिर्जा जयसिंह
(c) महाराजा सवाई जयसिंह (d) राजा भगवान दास

कनिष्ठ अभियन्ता विद्युत यांत्रिक 2020
LDC Exam 09.09.2018

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

262. पुरन्दर की सन्धि (1665 AD) किसके मध्य हुई थी?

(a) शिवाजी – भगवंतदास
(b) शिवाजी – राजा मानसिंह
(c) शिवाजी – मिर्जा राजा जयसिंह
(d) शिवाजी – सवाई जयसिंह

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

263. आमेर महल में दीवान-ए-आम का निर्माण किसने करवाया?

(a) राजा भगवानदास (b) राजा मानसिंह
(c) मिर्जा राजा जयसिंह (d) महाराजा सवाई जयसिंह

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018